| सत्र 2026 -2027 के लिए पाठयक्रम |
| --- |
| **कक्षा -II** |
| **विषय - हिंदी** |

| क्रम संख्या | सुझावित समय | पाठ संख्या | पाठ का नाम | अपेक्षित दक्षता | अपेक्षित सीखने के प्रतिफल | सुझावित गतिविधि |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | अप्रैल से मई | 1 | नीमा की दादी | • L1 में ध्वनि जागरूकता विकसित करते हैं और स्वनिमों(phonemes) / शब्दांशों (syllables) को मिलाकर शब्द बनाते हैं और शब्दों को स्वनिमों (phonemes) /शब्दांशों (syllables) में विभाजित करते हैं। | • तुकबन्दी वाले शब्दों और अनुप्रासों का निर्माण करते हैं। | **अनुभवात्मक अधिगम** - समूह गतिविधि<br>प्रत्येक समूह पाठ में आए कुछ(5-7) शब्दों की सूची बनाएँगे। एक समूह पहला शब्द बोलेगा बाकी समूह तुकांत शब्द बताएँगे।<br>**कौशल विकास -**<br>बच्चे घर में अपने बड़े - बुजुर्गों से कहानी सुनेंगे और कक्षा में उसका वाचन करेंगे । |
| | | 2 | घर | • ख़ुद सरल गीत और कविताएँ बनाते हैं।<br>• सरल गीतों, तुकबंदियों और कविताओं को सुनाते-सराहते हैं। | • बड़े गीतों/कविताओं (10 वाक्य) का पाठ करते हैं, गाते हैं।<br>• परिचित कविताओं तुकांत वाले शब्दों की पहचान करते है और नए तुकांत वाले शब्द बनाते हैं।<br>• खुद सरल गीत और कविताएँ बनाते हैं | अनुभवात्मक अधिगम **-**समग्र पिटारा में दिए गए वर्णो के ब्लॉक्स की मदद से अलग-अलग **तुकांत** शब्द बनाना।<br>**कौशल विकास**<br>बच्चे शिक्षिका की सहायता से 'घर' विषय पर कविता बनाएँगें\|<br>शिक्षिका बच्चों द्वारा बोली गई पंक्तियों को श्यामपट पर लिखेंगीं **।**<br>बच्चे कक्षा लाइब्रेरी से घर से जुड़ी कहानी या कविता की किताब चुनकर उसे अपने शब्दों में कक्षा के साथ साझा करेंगे। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | माला की चाँदी की पायल | • किताब का बुनियादी ढाँचा/ प्रारूप, छपे हुए शब्द और उनकी छपाई की दिशा के आइडिया को समझते हैं, और मूलभूत विराम चिह्नों को पहचानते हैं।<br>• छोटी कहानियाँ पढ़ते हैं और पात्रों, कथानक और लेखक क्या कहना चाहता है, इसकी पहचान करके , खुद से ही उनका अर्थ समझते हैं।(L1) | • सामान्य विराम चिह्नों (पूर्णविराम, प्रश्न चिह्न) का उचित इस्तेमाल करते हैं।<br>• कहानी की अपरिचित किताबें पढ़ना शुरू करते हैं और शिक्षक के मार्गदर्शन से उन्हें समझते हैं।<br>• कथानक और पात्रों की पहचान करते हैं। | **ICT अधिगम**<br>शिक्षक विभिन्न ध्वनियों (जैसे घंटे की ध्वनि, पायल की ध्वनि, चूड़ी की ध्वनि, चाबी की ध्वनि, बारिश की ध्वनि आदि) को कक्षा में सुनाएँगे तथा बच्चे उन ध्वनियों को बोल कर बताएँगे ।<br>नोट: शिक्षक टैब या KYAN का प्रयोग कर सकते हैं।<br>खेल अधिगम (विराम चिह्न) - शिक्षक कक्षा के बाहर जाकर एक बड़ा गोला बनाकर उसकी परिधि पर बच्चों को खड़ा करेंगे। गोले के अंदर प्रश्नवाचक चिह्न और बाहर पूर्ण विराम अंकित करेंगे। एक वाक्य बोलेंगे यदि उसके अंत में प्रश्न वाचक चिह्न आएगा तो बच्चे गोले में कूदेंगे, यदि पूर्ण विराम तो बाहर कूदेंगे। बच्चे कक्षा लाइब्रेरी से अपने पसंद की किताब चुनकर उसे अपने शब्दों में कक्षा के साथ साझा करेंगे। |
| | | 4 | माँ | • छोटी कविताएँ पढ़ते  है और शब्दों व कल्पना के चुनाव के लिए कविता की सराहना करना शुरू करते हैं।(L1)<br>• ख़ुद सरल गीत और कविताएँ बनाते हैं। | • अपने शब्दों में स्वतंत्र रूप से छोटी कविताएँ / तुकबन्दियाँ बनाते हैं।<br>• छोटी कविताएँ पढ़ते हैं और कवि की कल्पना का अनुमान लगाते हैं। | **रचनात्मक गतिविधि** - समूह गतिविधि शिक्षक के निर्देशन में किसी एक विषय (माता/ पिता/ दादा/ दादी/ भाई/ बहन) पर कविता बनाएँगे।<br>नोट - शिक्षक संकेत शब्द दे सकते हैं। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | थाथू और मैं | • कहानियों और गद्यांशों को सटीकता और प्रवाह के साथ, उचित विरामों और आवाज़ में उतार-चढ़ाव के साथ पढ़ते हैं।<br>• ध्वनि जागरूकता विकसित करते हैं और स्वनिमों (phonemes) / शब्दांशों (syllables) को मिलाकर शब्द बनाते हैं और शब्दों को स्वनिमों (phonemes) /शब्दांशों (syllables) में विभाजित करते हैं। | • तुकबन्दी वाले शब्दों और अनुप्रासों का निर्माण करते हैं।<br>• उपयुक्त लय, विराम और आवाज़ में उतार-चढ़ाव के साथ छोटे गद्यांशों को सटीक और धाराप्रवाह ढंग से पढ़ते हैं। | **खेल अधिगम** - समूह गतिविधि। कक्षा को 2 टीम में बाँटें। उन्हें कहानी से संबंधित कुछ प्रश्नों को बनाने के लिए कहें। प्रत्येक टीम दूसरी टीम से अपने अपने प्रश्न पूछेगी।<br>पृष्ठ 19 पर दिए झटपट कहिए को बच्चों से तीन बार जल्दी-जल्दी बुलवाएँ। शिक्षक कुछ और उदाहरण भी दे सकते हैं जैसे ऊँट **ऊँचा** ऊँट की पूँछ **ऊँची**। पके पेड़ पर पीला पपीता। |
| | | 6 | चींटा | • अपनी समझ और अनुभव को व्यक्त करने के लिए एक अनुच्छेद लिखते हैं । | • सामान्य विराम चिह्नों (पूर्णविराम, प्रश्न चिह्न) का उचित इस्तेमाल करते हैं।<br>• चित्रों का एक क्रम बनाते है और उनके साथ सटीक ढंग से छोटे वाक्य लिखते हैं। | **कला एकीकृत अधिगम**<br>हमारे मददगार (माली, सफाई कर्मचारी, डाकिया, मजदूर आदि) किसी एक पर चित्र बनाकर उनके बारे में कुछ वाक्य बोलेंगे। |
| | | 7 | टिल्लू जी | • विविध प्रकार की बच्चों की किताबें चुनने और पढ़ने में रुचि दिखाते हैं।(L1) | • पुस्तक चुनने में अपनी पसन्द स्पष्ट करते हैं, नियमित आवृत्ति पर छोटी पुस्तकें पढ़ते हैं। | **अनुभवात्मक अधिगम**<br>कक्षा लाइब्रेरी से बच्चे अपनी मनपसंद किताब चुनेंगे और बताएँगे कि उन्होंने यह किताब क्यों चुनी। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | तीन दोस्त | • सुनाई गई/ बोल कर पढ़ी गई कहानियों को समझते हैं, पात्रों, कथानक और लेखक क्या कहना चाहता है, को पहचानते हैं।<br>• किसी जटिल कार्य के लिए दिए गए मौखिक निर्देशों को समझते है और दूसरों को उसी कार्य के लिए स्पष्ट मौखिक निर्देश देते हैं। | • छोटे काम पूरे करने के लिए दूसरे बच्चों या वयस्कों को स्पष्ट निर्देश देते हैं।<br>• कहानी में पात्रों व कथानक के आशय की व्याख्या करते है और कहानी को अलग रूप में फिर से कहते हैं। | **कला एकीकृत अधिगम**<br>बच्चों को “कटी पतंग तेरा कौन-सा रंग” खेल खिलाएँ।<br>नोट- खेल के नियमों के स्पष्ट निर्देश दें।<br>**सृजनात्मक गतिविधि**<br>बच्चों को 4-5 के समूह में विभाजित करें। प्रत्येक समूह ‘तीन दोस्त’ कहानी को और आगे बढ़ाने का प्रयास करेगा कि क्या और भी कोई रंग बन सकता है? कैसे? |
| | जुलाई से सितम्बर | 9 | दुनिया रंग बिरंगी | • प्रभावी ढंग से रोज़मर्रा की बातचीत करने के लिए पर्याप्त शब्द जानते हैं, उनका इस्तेमाल करते हैं और मौजूदा शब्दावली का इस्तेमाल करके नए शब्दों के अर्थ का अनुमान लगा पाते हैं। | • खास प्रसंगों और कक्षा में प्रस्तुत विषयों से प्राप्त शब्दावली का अपनी बातचीत में इस्तेमाल करते हैं। | अनुभवात्मक अधिगम<br>समूह में कविता में आए किन्हीं 10 शब्दों का अपना शब्दकोश(वर्णमाला क्रम में) बनाएँ। शिक्षक शब्दों के अर्थ लिखने में मदद कर सकते हैं। |
| 2 | | 10 | कौन | • छोटी कविताएँ पढ़ते हैं और शब्दों व कल्पना के चुनाव के लिए कविता की सराहना करना शुरू करते हैं।(L1) | • छोटी कविताएँ पढ़ते हैं और कवि की कल्पना का अनुमान लगाते हैं। | **अनुभवात्मक अधिगम -** प्रत्येक रंग को विशेषण के रूप में प्रयोग करते हुए शब्द समूह बनाएँ जैसे नीला आकाश, पीला आम, हरा पत्ता आदि।<br>कक्षा लाइब्रेरी से कविता वाली किताब चुनकर कविता को समूह में पढ़कर उसके अर्थ को अन्य समूहों के साथ साझा करेंगे। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 11 | बैंगनी जोजो | • कहानियों और गद्यांशों को सटीकता और प्रवाह के साथ, उचित विरामों और आवाज़ में उतार-चढ़ाव के साथ पढ़ते हैं।<br>• धाराप्रवाह और सार्थक बातचीत कर सकते हैं। | • उपयुक्त लय, विराम और आवाज़ में उतार-चढ़ाव के साथ छोटे गद्यांशों को सटीक और धाराप्रवाह ढंग से पढ़ते हैं।<br>• कक्षा में पढ़कर सुनाई गई या जिस पर चर्चा हो, ऐसी गैर-कथात्मक सामग्री के साथ **जुड़ते** हैं, ज्ञान को अपने खुद के अनुभवों से जोड़ने में सक्षम हैं और इसके बारे में बात करते हैं| | **अनुभवात्मक अधिगम -** विभिन्न आवाजों (जैसे छम-छम, भौं-भौं, खन-खन, टप-टप आदि) का पर्ची पिटारा बनाएँ पर्ची निकलवाकर उस पर वाक्य बोलें।<br>पहले से पढे हुए पाठों के नाम की पर्चियों में से एक पर्ची चुनकर उस पाठ को उचित लय और विराम के साथ शिक्षक अपने निर्देशन में पढ़वाएँ।<br>**कला एवं समावेशी अधिगम -** कक्षा में बच्चे 6-7 के समूह में बैंगनी जोजो कहानी का नाट्य मंचन करेंगे \| |
| | | 12 | तोसिया का सपना | • छोटी कहानियाँ पढ़ते हैं और पात्र, कथानक और लेखक क्या कहना चाहते हैं, इसकी पहचान करके खुद से ही उनका अर्थ समझते हैं।<br>• धाराप्रवाह और सार्थक बातचीत कर सकते हैं। | • पात्रों, कथानकों, अनुक्रमों और लेखक के दृष्टिकोण को पढ़ते और पहचानते हैं।<br>• घटनाओं, कहानियों या अपनी जरूरतों के आधार पर बातचीत में शामिल होते हैं और सवाल पूछते हैं। | **कला एकीकृत अधिगम -** पृष्ठ संख्या 51 की मदद से रंगीन कागज़, कैंची, गोंद, आदि से कंदील बनवाएँगे।<br>**अनुभवात्मक अधिगम -** शिक्षक जादू का पिटारा बनाएँगे जिसमें फल एवं सब्जियों के चित्र बनाकर उसमें रखेंगे। बच्चे उन पर (2-3) वाक्य बोलकर बताएँगे।<br>तोसिया का सपना कहानी को अपने शब्दों में साझा करेंगे। |
| | | 13 | तालाब | • वर्णमाला के सभी अक्षरों को पहचानते हैं और इस ज्ञान का इस्तेमाल शब्दों को पढ़ने-लिखने के लिए करते हैं। | • सभी अक्षरों (संयुक्ताक्षरों सहित) को **पहचानते** हैं और उन्हें सम्बन्धित ध्वनियों से जोड़ते हैं।<br>• कई अक्षरों वाले शब्दों (व्यंजन समूहों सहित) को पढ़ लेते हैं। | **तकनीकी अधिगम -** कक्षा को 5- 6 समूह में बाँटे। बच्चों को कोई दृश्य दिखाएँ जैसे - गाँव का दृश्य, मेले का दृश्य आदि। हर एक समूह को चित्र 1 मिनट के लिए दिखाकर छुपा लें। हर समूह चित्र में दिखाई दे रहे पात्रों व चीज़ों के नाम बताएँगे। ज़्यादा नाम बताने वाला समूह विजेता होगा। शिक्षक टैब और kyan का प्रयोग कर सकते हैं।<br>कौशल विकास<br>साझा लेखन एवं पठन - शिक्षक बच्चों के साथ मिलकर 'त' और 'थ' अक्षर के शब्दों की सूची श्यामपट पर बनाएँ \| |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | शिक्षक इन अक्षरों को पहचानने और उनके उच्चारण में अन्तर करने में बच्चों की सहायता करें \| |
| | | 14 | बीज | • किसी जटिल कार्य के लिए दिए गए मौखिक निर्देशों को समझते है और दूसरों को उसी कार्य के लिए स्पष्ट मौखिक निर्देश देते हैं।<br>• सरल गीतों, तुकबंदियों और कविताओ को सुनते-सराहते हैं। | • कई चरणों वाले निर्देशों का पालन करते हैं - जिनमें एक बार में 8 से 9 निर्देश हों।<br>• बड़े गीतों /कविताओं (10 वाक्य) का पाठ करते हैं, गाते हैं। | **अनुभवात्मक अधिगम -** (समूह गतिविधि) कक्षा में पुराने बर्तन या गमले में काले चने के बीज बोएँ और उसे हर रोज़ पानी देने के लिए कहें। जब हरे- भरे डंठल निकल आएँ, उसका चित्र कॉपी में बनवाएँ।<br>नोट- बीज बोने के मौखिक निर्देश दें या डिजिटल उपकरणों का करके वीडियो दिखाएँ।<br>**लेखन - शिक्षक बच्चों को दो अक्षर के सरल शब्दों की श्रुतलेख लिखवाएँ।** |
| | | 17 | बरसात और मेंढक | • वर्णमाला के सभी अक्षरों को **पहचानते** हैं और इस ज्ञान का इस्तेमाल शब्दों को पढ़ने-लिखने के लिए करते हैं। | • कई अक्षरों वाले शब्दों (व्यंजन समूहों सहित) और गैर-शब्दों (nonwords) को सटीक ढंग से पढ़ते हैं।<br>• कई अक्षरों वाले शब्दों (व्यंजन समूहों सहित) को और गैर-शब्दों (nonwords) को सटीक ढंग से पढ़ते हैं।<br>• सुनाई गई/बोल कर पढ़ी गई कहानियों को समझते हैं, पात्र, कथानक और लेखक क्या कहना चाहते हैं, को पहचानते हैं। | **अनुभवात्मक अधिगम -** द, ड, ड़, ढ वाले शब्दों का श्रुतलेख।<br>**रचनात्मक गतिविधि -** इस कहानी में आगे क्या हुआ होगा? बच्चे शिक्षिका की मदद से इस कहानी को आगे बढाएँ और उसका चित्र बनाएँ।<br>बच्चे कहानी का नाट्य मंचन करें। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3. | अक्टूबर से दिसम्बर | 15 | किसान | ● अपनी समझ और अनुभव को व्यक्त करने के लिए एक अनुच्छेद लिखते हैं। | ● श्रुतलेख कार्य में सटीक तरीक़े से 3 या 4 अक्षरों वाले शब्द लिखते हैं। | **अनुभवात्मक अधिगम -** कविता में आए नए शब्दों का पर्ची पिटारा बनाएँ। एक बच्चा पिटारे में से पर्ची निकालकर वह शब्द कक्षा को बोलेगा बाकी बच्चे लिखेंगे। अंत में शिक्षक बोर्ड पर सारे शब्दों को लिखेंगे और बच्चे आपस में उन्हें चेक करेंगे।<br>**समावेशी अधिगम**-शिक्षक बच्चों के साथ विभिन्न व्यवसायों पर चर्चा करें जैसे- आप बड़े होकर क्या बनना चाहेंगे और क्यों? उसका चित्र बनाएँ। |
| | | 16 | मूली | ● छोटी कहानियाँ पढ़ते हैं और पात्रों, कथानक और लेखक क्या कहना चाहता है, इसकी पहचान करके, खुद से ही उनका अर्थ समझते हैं। | ● छोटे सरल texts वाली पुस्तकों को बोलकर पढ़ते हैं, सटीक अनुक्रम और विस्तार के साथ कहानी का अनुमान लगाने और उसे फ़िर से कहने के लिए दृश्य संकेतों और टेक्स्ट का इस्तेमाल करते हैं। | **कला एकीकृत अधिगम -** विभिन्न सब्जियों के चित्र बना कर उनके कट आउट बनाएँ और उनके बारे में कुछ वाक्य बोलते हुए कहानी बनाएँ। खेल पिटारे की किताबों में दी गई कहानी का पूर्वानुमान लगाकर कक्षा के साथ साझा करें।<br>**खेल एकीकृत अधिगम** - शिक्षिका के साथ मिलकर बच्चों को छोटे समूहों में खेल के मैदान में रस्साकशी का खेल खिलाएँ। |
| | | 18 | शेर और चूहे की दोस्ती | ● कहानियों और गद्यांशों को सटीकता और प्रवाह के साथ, उचित विरामों और आवाज़ में उतार-चढ़ाव के साथ पढ़ते हैं। | ● उपयुक्त लय, विराम और आवाज़ में उतार-चढ़ाव के साथ छोटे गद्यांशों को सटीक और धाराप्रवाह ढंग से पढ़ते हैं।<br>● सरल शब्दों को सहजता से लिख पाते हैं। | **कला एकीकृत अधिगम -** शेर और चूहे का मास्क बनवाएँ। कहानी का रोल प्ले करवाएँ। बनाए गए मास्क को बच्चे अपनी कॉपी में चिपकाएँ।<br>**कौशल विकास -**<br>शिक्षक बच्चों के साथ मिलकर कहानी की सहयता से 'श' तथा 'च' के शब्दों की सूची श्यामपट पर बनाएँ। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 19 | आउट | • स्पष्ट कथानक और पात्रों के साथ छोटी कहानियाँ सुनाते हैं । | • जटिल कथानकों और कई पात्रों के साथ खुद की कहानियाँ बनाते हैं। (समूह में) | **खेल अधिगम -** समूह में अपने मनपसंद खेलों की सूची बनाएँ और उन्हें भीतर और बाहर खेले जाने वाले खेलों में विभाजित करें।<br>बच्चे अपने बचपन से जुड़ी किसी ऐसी घटना/कहानी का वर्णन करें जो उनके साथ खेलते हुए हुई हों। |
| | | 20 | छुपन छुपाई | प्रभावी ढंग से रोज़मर्रा की बातचीत करने के लिए पर्याप्त शब्द जानते हैं, उनका इस्तेमाल करते हैं और मौजूदा शब्दावली का इस्तेमाल करके नए शब्दों के अर्थ का अनुमान लगा पाते हैं। | • चित्र और सन्दर्भ संकेतों का इस्तेमाल करते हुए अनजान शब्दों के अर्थ का अनुमान लगाते हैं। | **खेल अधिगम -** बच्चों को बाहर ले जाकर पारंपरिक खेल जैसे - स्टॉपू, कोकला- ची, पोशम- पा आदि खिलाएँ। खेल से संबंधित शब्दावली एवं नियम बच्चों को बताएँ।<br>**समावेशी अधिगम -** शिक्षिका बच्चों से आँखे बंद करके आसपास की आवाज़ों को सुनने के लिए कहें। दिखाई न देने पर हम अपने आसपास की चीजों को कैसे पहचानते हैं? जैसे प्रश्नों पर चर्चा करें। |
| | | 21 | हाथी साइकिल चला रहा था | अपनी समझ और अनुभव को व्यक्त करने के लिए एक अनुच्छेद लिखते हैं। | • चित्रों का एक क्रम बनाते हैं और उनके साथ सटीक ढंग से छोटे वाक्य लिखते हैं।<br>• चित्र पुस्तक से अनुमान लगाकर एक कहानी लिखते हैं।<br>• वर्णमाला के अक्षरों की पहचान कर शब्द को चिह्नित कर पाते हैं। | **खेल अधिगम -** कक्षा में समूह में शब्द अंताक्षरी खेलने का मौका दें।<br>**कौशल विकास**<br>• पृष्ठ संख्या-105 पर दिए चित्रों को देखकर अपने शब्दों में कहानी बनाने के लिए कहें।<br>• बच्चे कविता में ह, च और स अक्षर के शब्द को पहचानकर घेरा बनाएँगे।<br>• कला एकीकृत अधिगम - शिक्षक बच्चों को कल्पना करने को कहें कि चूहा और शेर (पाठ 18) से हाथी और चींटी रास्ते में मिलें, वे आपस में क्या बाते करेंगे? शिक्षक समय और सुविधा |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | • कक्षा में सुनी /पढ़ी गई कहानी को अपने शब्दों में व्यक्त कर पाते हैं। | अनुसार बच्चों से उक्त विषय पर चर्चा या नाटक मंचन करवाएँ। |
| | | 23 | चंदा मामा | • सुनाई गई/बोल कर पढ़ी गई कहानियों को समझते हैं, पात्र, कथानक और लेखक क्या कहना चाहते हैं, को पहचानते हैं। | • कहानी लिखने के लिए लेखक की प्रेरणाओं की व्याख्या करते हैं और कहानी को फ़िर से बतौर लेखक कहते हैं। | **अनुभवात्मक अधिगम -** बच्चे चार के समूह में पर्ची पर अपनी पसंद के वर्ण लिखें और उन वर्णों से शुरू होने वाले शब्दों की सूची बनाएँ।<br>नोट: सही/ सार्थक शब्द पर समूह को अंक दिए जा सकते हैं। |
| 4 | जनवरी से मार्च | 22 | **चार दिशाएँ** | • विविध प्रकार की बच्चों की किताबे चुनने और पढ़ने में रुचि दिखाते हैं।<br>• **धारा प्रवाह बातचीत करती है और सार्थक बातचीत कर सकती है \|** | • तरह-तरह की कथा और गैर-कथा, दोनों तरह की किताबों में दिलचस्पी दिखाते हैं और उन्हें पढ़ते हैं।<br>• **छोटे अर्थपूर्ण वाक्यों के मध्यम से अपनी आवश्यकताओं और भावनाओं को व्यक्त करते हैं।** | **अनुभवात्मक अधिगम -** शिक्षक कक्षा में मौजूद वस्तुओं के नाम बोलेंगे। बच्चे हाथ से इशारे करके दाएँ- बाएँ, आगे-पीछे, शब्दों का प्रयोग करके उनकी स्थिति बताएँगे।<br>**समावेशी अधिगम - शिक्षक बच्चों को सोचने के लिए कहें कि - यदि कोई देख या सुन न सके तो वह अपने आसपास की चीजों के बारे में कैसे पता लगाएगा? चर्चा करें।**<br>कक्षा लाइब्रेरी से बच्चे अपनी मनपसंद किताब चुनेंगे और बताएँगे कि उन्होंने यह किताब क्यों चुनी। |
| | | 24 | गिरे ताल में चंदा मामा | • खुद सरल गीत और कविताएँ बनाते हैं। | • अपने शब्दों में स्वतंत्र रूप से छोटी कविताएँ / तुकबन्दियाँ बनाते हैं। | **रचनात्मक गतिविधि -** शिक्षक के निर्देशन में समूह में छोटी कविता बनाएँ । |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 25 | सबसे बड़ा छाता | अपनी समझ और अनुभव को व्यक्त करने के लिए एक अनुच्छेद लिखते हैं। | • श्रुतलेख कार्य में छोटे वाक्य लिखते हैं। | **अनुभवात्मक अधिगम -** जोड़े में गतिविधि-विलोम शब्दों का पिटारा बनाकर, दो बच्चों को बुलाकर जोड़े बनवाएँ। |
| | | 26 | बादल | • अपनी समझ और अनुभव को व्यक्त करने के लिए एक अनुच्छेद लिखते हैं। | • शब्द और छोटे वाक्य लिखकर चित्र-कार्ड का वर्णन करते हैं। | **तकनीकी अधिगम -** प्रकृति से संबंधित चित्र (जैसे पहाड़ों का दृश्य, जंगल का दृश्य, पार्क का दृश्य, गाँव का दृश्य आदि) दिखाकर छोटे छोटे वाक्य लिखवाना।<br>नोट: टैब/ k-yan प्रयोग किया जा सकता है।<br>**कला एकीकृत अधिगम** - शिक्षक बच्चों को कल्पना करने के लिए कहें कि यदि आपको बादलों को अपनी पसंद का कोई रंग देना हो तो आप बादलों को कौन सा रंग देंगे? बच्चे अपनी कल्पना से अपने पसंद के रंग के बादलों का चित्र बनाएँगे। |

नोट - उपर्युक्त पाठ्यक्रम पुनरावृत्ति के साथ वार्षिक परीक्षा से पहले पूर्ण हो जाए।